दुनिया ने दिल दुखाया | by Aarti Sharma

लगा लो बाबा मुझे गले से ज़माने वालों ने दिल दुखाया
समझ के बैठा था जिनको अपना समय पे कोई ना काम आया

सभी ने मुझको गिराना चाहा सभी ने मुझको रुलाना चाहा
मगर भरोसा था तुझपे बाबा इसीलिए कोई गिरा ना पाया
लगा लो बाबा मुझे गले से ज़माने वालों ने दिल दुखाया

जो चले उजालों में साथ मेरे अंधेरो में कोई नज़र ना आया
ये तेरी कृपा है श्याम मेरे तभी अंधेरो से बाहर आया
लगा लो बाबा मुझे गले से ज़माने वालों ने दिल दुखाया

हैं तेरे प्रेमी कुछ श्याम ऐसे जिन्होंने तेरा दर है दिखाया
भरोसा है तू राज मित्तल का तेरे भरोसे सब छोड़ आया
लगा लो बाबा मुझे गले से ज़माने वालों ने दिल दुखाया

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a6%e0%a5%81%e0%a4%a8%e0%a4%bf%e0%a4%af%e0%a4%be-%e0%a4%a8%e0%a5%87-%e0%a4%a6%e0%a4%bf%e0%a4%b2-%e0%a4%a6%e0%a5%81%e0%a4%96%e0%a4%be%e0%a4%af%e0%a4%be-by-aarti-sharma/